# नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता दस वर्ष बाद भी बरकरार है : विजयेन्द्र येडीयुरप्पा

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने सभी 28 सीटें जीतने का दावा किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय जनता पार्टी कर्नाटक के अध्यक्ष विजयेन्द्र येडीयुरप्पा ने कहा है कि अध्यक्ष बनने के बाद उनके नेतृत्व में यह पहला चुनाव है। अनेक चुनौतियों के साथ वह कर्नाटक की सभी 28 सीटों को जीतने का दावा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र में नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता चरम पर है। उनकी गारंटी पर जनता को विश्वास है। इधर राज्य में कांग्रेस की सरकार है और कई बजट पेश करने वाले अनुभवी मुख्यमंत्री सिद्दरामैया के साथ गारंटी योजनाएं भी हैं लेकिन इन सब के बावजूद वे नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता को मैच नहीं कर सकते हैं। दस साल से प्रधानमंत्री रहने के बाद भी नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता के ग्राफ में कोई कमी नहीं आई है। इसका कारण यह है कि मोदी के नेतृत्व में गत 10 वर्षों में देश में अनेक विकास कार्य हुए हैं। भाजपा के संकल्प पत्र में जो भी घोषणाएं की गई थी वह सभी पिछले 10 वर्षों में पूरी की गई हैं।

यहां पत्रकारों से बात करते हुए विजयेन्द्र ने कहा कि कर्नाटक की जनता जानती है कि राज्य सरकार और केन्द्र सरकार में क्या अंतर है। राज्य की बात आती है तो मुद्दे अलग होते हैं वहीं केन्द्र के मुद्दे अलग होते हैं। विधानसभा चुनाव में भले ही कांग्रेस की सरकार बन गई हो लेकिन केंद्र के लिए कर्नाटक की जनता 10 साल के बाद भी नरेन्द्र मोदी को ही चाह रही है क्योंकि उनके काम की उपलब्धियों को लोग पसंद कर रहे हैं। विजयेन्द्र ने कहा कि मोदीजी ने हमेशा विकास की बात कही और विकास किया भी। विपक्ष ने उन पर हिन्दुत्व का एजेंडा का लाभ लेने का आरोप लगाया लेकिन उन्होंने केवल विकास और विकास की बात करते हुए हर वादा पूरा करके दिखाया।

*मोदी के नेतृत्व में गत 10 वर्षों में देश में अनेक विकास कार्य हुए हैं। भाजपा के संकल्प पत्र में जो भी घोषणाएं की गई थी वह सभी पिछले 10 वर्षों में पूरी की गई हैं। यहां पत्रकारों से बात करते हुए विजयेन्द्र ने कहा कि कर्नाटक की जनता जानती है कि राज्य सरकार और केन्द्र सरकार में क्या अंतर है।*


कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष विजयेन्द्र येडीयुरप्पा दक्षिण भारत राष्ट्रमत का अवलोकन करते हुए

विजयेन्द्र ने कहा कि अयोध्या के राम मंदिर, आर्टिकल 370 हटाने जैसे वादों को भी पूरा किया है। मोदीजी ने 10 वर्षों में दिए अपने सभी वायदों को पूरा किया है। इतना ही नहीं, मोदी के नेतृत्व में गत दस वर्षों में भारत की विश्वभर में अलग छवि बनी है। सभी लोग उत्सुकता के साथ भारत की तरफ देख रहे हैं। वहीं कांग्रेस आरोप लगा रही है कि भारतीय अर्थव्यवस्था गिर रही है। लेकिन यह सफेद झूठ है। हाल ही में वर्ल्ड बैंक ने कहा कि केवल भारत ही एक चमकता देश है। केवल भारत ही ऐसा देश है जो 5.5 प्रतिशत की ग्रोथ रेट से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में येडीयुरप्पाजी अविवादित नेता रहे हैं, चाहे वह लिंगायत समाज हो, चाहे पूरा राज्य हो।येडीयुरप्पाजी को कोई भी केवल वीरशैव लिंगायत लीडर नहीं कहता है बल्कि उन्हें सभी समाज के लोग पसंद करते हैं। आज येडीयुरप्पाजी राज्य में कोई मुख्य पद पर भी नहीं है लेकिन राज्य की सभी लोकसभा सीटों के उम्मीदवार उन्हें अपने प्रचार के लिए बुलाना चाहते हैं। यह उनके कहने और करने के कारण है अर्थात उनकी कथनी और करनी में अंतर नहीं है। उन्होंने जो भी कहा है वह पूरा किया है। येडीयुरप्पाजी अपनी प्रतिबद्धता और एक्शन के लिए जाने जाते हैं। विजयेन्द्र ने कहा, आज कई जगह असंतोष दिख रहा है लेकिन येडीयुरप्पाजी अपनी भूमिका बखूबी निभा रहे हैं।

उन्होंने सभी प्रकार के असंतोष को शांत करने के सभी प्रयत्न किए हैं क्योंकि येडीयुरप्पा की प्रतिबद्धता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए है। पार्टी के वरिष्ठ बागी नेता के. ईश्वरप्पा को टिकट न मिलने के कारण उनके शिवमोग्गा से चुनाव लड़ने पर विजयेन्द्र ने कहा कि पहले सांसद राघवेन्द्र 1 लाख वोट से जीत रहे थे लेकिन अब ईश्वरप्पा के मैदान में आने से हम लगभग 2 लाख वोट से जीत रहे हैं। वहीं सांसद व केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी भी दो लाख से अधिक मतों से चुनाव जीतेंगे। धारवाड़ में दिंगलेश्वर स्वामीजी को खड़ा नहीं होना था लेकिन अब वे मैदान में हैं। चिकबल्लापुर और बेंगलूरु उत्तर संसदीय क्षेत्र में कार्यकर्ताओं में चल रहे कुछ असंतोष की चर्चा के संबंध में उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है दोनों सीट भाजपा जीत रही है। अगर कहीं कुछ असंतोष है भी तो वह देखेंगे। उन्होंने कहा कि चुनौतियां बहुत हैं लेकिन उन सभी चुनौतियों पर खरा उतरकर ही मैं निखर पाऊंगा।

# कांग्रेस ने भाजपा पर 'चोम्बू' विज्ञापन के साथ निशाना साधा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक में कांग्रेस ने शुक्रवार को मुद्रित अपने विज्ञापनों में 'चोम्बू' (लोटे) से तुलना कर केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। दोनों पार्टियों ने एक दूसरे पर राज्य के लिए कुछ भी नहीं करने का आरोप लगाया है। लोटे को कन्नड भाषा में 'चोम्बू' कहा जाता है, जिसे 'छल और खोखलेपन' का प्रतीक माना जाता है।

कांग्रेस ने कर्नाटक में भाजपा के खिलाफ व्यांग्यात्मक अभियान में आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने राज्य सरकार को 'चोम्बू' उपहार में दिया है जिसके बाद दोनों दलों में आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। अखबारों में पूरे पन्ने के विज्ञापन में स्टील से बने गोल आकार के पात्र की तस्वीर के साथ कन्नड में लिखा है, मोदी सरकार का कर्नाटक को उपहार – 'चोम्बू!''

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि कर्नाटक के लोगों को सभी के खाते में 15 लाख रुपये जमा करने, किसानों की आय दोगुनी करने, कर हस्तांतरण और राज्य को सूखा और बाढ़ राहत देने के वादों के बदले 'चोम्बू' मिला है।

कांग्रेस ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा, राज्य में 27 भाजपा और जद (एस) सांसदों का योगदान 'चोम्बू' है। आइए इस चुनाव में भाजपा को 'चोम्बू' दें। इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कर्नाटक विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भाजपा विधायक आर अशोक ने आरोप लगाया कि कांग्रेस इस गर्मी में बेंगलूरु के लोगों को एक चोम्बू पानी भी देने में असमर्थ है एवं अपने विज्ञापन से लोगों को गुमराह कर रही है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने तमिलनाडु को कावेरी नदी का पूरा पानी दे दिया और कन्नड भाषियों को खाली 'चोम्बू' दे दिया है।

विजयेंद्र ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि सूखे के कारण फसलें सूखने के बाद किसानों को 'चोम्बू' मिला और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण के लिए निर्धारित धन का दुरुपयोग होने पर दलित समुदायों को 'चोम्बू' मिला। कर्नाटक में दो चरणों में लोकसभा का चुनाव होगा। राज्य के मतदाता 26 अप्रैल और सात मई को मतदान करेंगे।



# भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री मलिकय्या गुत्तेदार कांग्रेस में शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। पूर्व मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता मलिकय्या गुत्तेदार और एक अन्य पूर्व विधायक शारदा शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल हो गयीं। गुत्तेदार कलबुर्गी जिले के अफजलपुर विधानसभा क्षेत्र से छह बार के विधायक और पूर्व मंत्री हैं। कलबुर्गी कांग्रेस अध्यक्ष एम मल्लिकार्जुन खरगे का गृह जिला है, जिन्होंने 2009 और 2014 के लोकसभा चुनावों में इस सीट से जीत हासिल की थी, लेकिन 2019 के चुनावों में हार गए थे।

खरगे के दामाद राधाकृष्ण डोड्डामणि इस बार के लोकसभा चुनाव में कलबुर्गी (गुलबर्गा) से कांग्रेस के प्रत्याशी हैं। बताया जाता है कि गुत्तेदार इस महीने की शुरुआत में अपने भाई नितिन वेंकैया गुत्तेदार को भाजपा में शामिल किए जाने से नाराज थे। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के एम. वाई. पाटिल ने अफजलपुर सीट पर जीत दर्ज की थी। तब मलिकय्या गुत्तेदार नितिन के बाद तीसरे स्थान पर रहे थे। नितिन गुत्तेदार ने निर्दलीय चुनाव लड़ा था। मलिकय्या पहले कांग्रेस में थे और बाद में भाजपा में शामिल हो गए। वे अपने भाई के पार्टी में जाने के बाद भाजपा के दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येडीयुरप्पा और उनके बेटे विजयेंद्र येडीयुरप्पा की आलोचना करने लगे थे। विजयेंद्र भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष हैं। सूत्रों के मुताबिक, कर्नाटक के ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री और खरगे के बेटे प्रियांक खरगे ने उन्हें कांग्रेस में वापस लाने में अहम भूमिका निभाई। शारदा मोहन शेट्टी 2013 से 2018 तक उत्तर कन्नड़ जिले के कुमता से कांग्रेस विधायक थीं। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में टिकट से वंचित होने के बाद वह भाजपा में शामिल हो गई थीं।

मुख्यमंत्री सिद्दरामैया, उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार और प्रियांक खरगे ने दोनों नेताओं और उनके समर्थकों का पार्टी में स्वागत किया। सिद्दरामैया ने कहा कि उन्हें पता था कि मलिकय्या गुत्तेदार लंबे समय तक भाजपा में नहीं रहेंगे क्योंकि वह 'सामाजिक न्याय के समर्थक' हैं।

# हुब्बल्ली में छात्रा की हत्या के बाद प्रदर्शन, भाजपा ने कांग्रेस पर साधा निशाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। कर्नाटक के हुब्बाली में एक निगम पार्षद की बेटी की उसके कॉलेज परिसर में हत्या की घटना की व्यापक निंदा की गयी और विरोध प्रदर्शन हुआ। इस घटना को लेकर राजनीति भी तेज हो गई और कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। कांग्रेस ने जहां इस घटना को दो लोगों का निजी मामला बताया वहीं भाजपा ने लव जिहाद का संदेह जताया और कहा कि यह राज्य में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती हुई स्थिति को दर्शाता है। भाजपा की छात्र इकाई अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और हिंदू संगठनों से जुड़े अन्य संगठनों ने इस घटना के सिलसिले में न्याय और आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस घटना को लेकर कई अन्य स्थानों पर भी विरोध प्रदर्शन की जानकारी मिली है।



एक चौंकाने वाली घटना में, हुब्बल्ली-धारवाड़ नगर निगम के कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी नेहा हिरेमथ (23) की बृहस्पतिवार को बीवीबी कॉलेज परिसर में चाकू मारकर हत्या कर दी गई। आरोपी फैयाज खोंडुनाईक मौके से फरार हो गया था, जिसे बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। नेहा मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) के प्रथम वर्ष की छात्रा थी और फैयाज पहले उसका सहपाठी रह चुका था।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार नेहा पर कई बार चाकू से हमला करने वाले फैयाज ने पूछताछ के दौरान दावा किया कि दोनों के बीच प्रेम संबंध था लेकिन वह पिछले कुछ समय से उसे नजरअंदाज कर रही थी। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''फैयाज के इस दावे की पुष्टि और सत्यापन की आवश्यकता है, लेकिन उसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया।''

बेलगावी जिले में फैयाज के गृहनगर मुनवल्ली में इस हत्या की निंदा करते हुए विभिन्न संगठनों ने आक्रोश व्यक्त किया और इसके खिलाफ प्रदर्शन किया। केंद्रीय मंत्री एवं धारवाड़ लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रह्लाद जोशी ने संदेह जताते हुए कहा है कि यह घटना लव जिहाद से जुड़ा मामला हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कांग्रेस के शासन के तहत कानून व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह से खराब हो गई है। जोशी ने मुख्यमंत्री सिद्दरामैया से अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की राजनीति और एक 'विशेष समुदाय' के साथ विशेष व्यवहार बंद करने का आग्रह किया। हालांकि, राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि इस घटना को 'लव जिहाद' के दृष्टिकोण से देखना सही नहीं है, क्योंकि इस संबंध में अब तक कोई प्रमाण नहीं मिला है।

उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भाजपा पर भय फैलाने और राज्य को अस्थिर करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, कर्नाटक में मजबूत कानून व्यवस्था है। जनता के विश्वास को कमजोर करने की भाजपा की कोशिशें निराधार हैं। भाजपा की छात्र शाखा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने नेहा के लिए न्याय की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया है। हुब्बल्ली में हजारों छात्र सड़कों पर उतर आये, सड़कें जाम कर दीं और कॉलेज बंद करने का आह्वान किया। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने शांति की अपील की और जनता को गहन जांच का आश्वासन दिया। सिद्दरामैया ने

# पारंदूर हवाई अड्डा परियोजना का विरोध कर रहे ग्रामीणों ने किया चुनाव का बहिष्कार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। तमिलनाडु में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव का चेन्नई के पास पारंदूर हवाई अड्डे परियोजना का विरोध करने वाले ग्रामीणों और पुदुक्कोट्टई जिले के वेंगइवायल के लोगों ने बहिष्कार किया। वेंगइवायल के लोगों ने पानी की टंकी में मानव मल मिलाने की घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने के विरोध में मतदान में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया।

श्रीपेरंबुदूर के नजदीक पारंदूर पंचायत के अंतर्गत आने वाले नागपट्टू सहित एकानापुरम और आसपास के अन्य इलाकों के ग्रामीण हवाई अड्डा परियोजना का विरोध कर रहे हैं और वे मतदान से दूर रहे। जब राजस्व विभाग के एक अधिकारी ने कुछ सरकारी कर्मचारियों को वोट देने के लिए मनाने के वास्ते एकानापुरम गांव का दौरा किया, तो हंगामा हो गया और ग्रामीणों ने अधिकारी को घेर लिया और उनके दौरे का विरोध किया।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि कुछ सरकारी कर्मचारियों पर अधिकारियों द्वारा वोट देने के लिए दबाव डाला गया और उन्होंने इस कार्रवाई की निंदा की। पुदुक्कोट्टई जिले के वेंगइवायल और एरैयूर गांवों के लोगों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया जिनमें दलित और अन्य जाति के लोग शामिल हैं। लोगों ने काले कपड़े पहनकर विरोध प्रदर्शन किया, कुछ ने काले कपड़े से अपना मुंह ढंक लिया और अन्य ने न्याय की मांग करते हुए काले झंडे लहराए। साल 2022 में गांव में पानी की टंकी में मानव मल मिला दिया गया था और मामले की पुलिस जांच कर रही है। स्थानीय मुद्दों से जुड़े कारणों से कुछ अन्य स्थानों के लोगों ने भी वोट डालने से परहेज किया। इसमें डिंडीगुल जिले के नाथम अंतर्गत सीरागमपट्टी और थूथुकुडी जिले का एक इलाका शामिल है, जहां उपद्रवियों ने पुलिस वाहन पर पथराव किया।

# तमिलनाडु के राज्यपाल रवि और मुख्यमंत्री स्टालिन ने मतदान किया

चेन्नई। तमिलनाडु में राज्यपाल आर एन रवि और मुख्यमंत्री एम के स्टालिन समेत कई नेताओं और प्रमुख हस्तियों ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपने-अपने मतदान केंद्रों में वोट डाला। तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने यहां एक मतदान केंद्र में अपने मताधिकार का प्रयोग किया जबकि मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, पूर्व मुख्यमंत्री ओ. पनीरसेल्वम और ई. के. पलानीस्वामी तथा अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी मतदान किया। रवि तथा स्टालिन ने लोगों से अपने लोकतांत्रिक कर्तव्य का निर्वहन करने का अनुरोध किया।

## प्रचार


शुक्रवार देर शाम बेंगलूरु दक्षिण से भाजपा के उम्मीदवार तेजस्वी सूर्या के पक्ष में प्रचार करते हुए भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष विजयेन्द्र येडीयुरप्पा।

# वेंगइवायल गांव के दलितों ने किया ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार

पुदुकोट्टई। तमिलनाडु में पुदुकोट्टई जिले के अन्नावासल ब्लॉक के एक दूरस्थ गांव वेंगइवायल के दलित लोगों ने पेयजल टैंक में मानव मल मिलाने में शामिल दोषियों को एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी गिरफ्तार करने में पुलिस की विफलता का हवाला देते हुए लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया है। अज्ञात बदमाशों ने 26 दिसंबर 2022 को गांव में रहने वाले अनुसूचित जाति के लोगों के लिए बने ओवरहेड पेयजल टैंक में मानव मल मिला दिया। इस घटना से पूरे राज्य में क्षोभ की लहर दौड़ गई थी। मामले की जांच कर रही अपराध शाखा-आपराधिक जांच विभाग (सीबी-सीआईडी) पुलिस 15 महीने से अधिक समय से मामले में अब तक कोई सफलता हासिल नहीं कर पाई है।

# श्रेयस पटेल एक लाख से अधिक वोटों से जीतेंगे : सिद्दरामैया

- **श्रीधर गौड़ा और कृष्णा गौड़ा मिलकर अरकालगोडु निर्वाचन क्षेत्र में 30 हजार से अधिक वोट हासिल करेंगे**
- **केन्द्र में सत्ता आने पर पूरे देश के किसानों का कर्ज माफ करेंगे**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हासन (अराकालागोडु)। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने उम्मीद जताई कि कांग्रेस उम्मीदवार श्रेयस पटेल हासन लोकसभा क्षेत्र से एक लाख से अधिक वोटों के अंतर से जीत हासिल करेंगे। हासन ने प्रजाध्वनि 2 सार्वजनिक बैठक का उद्घाटन करते हुए लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार श्रेयस पटेल की ओर से बात की। यह एक अच्छा मौका है कि श्रीधर गौड़ा और कृष्णा गौड़ा दोनों समान विचारधारा वाले लोगों के रूप में एक साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि दोनों मिलकर अरकालगोडु निर्वाचन क्षेत्र में 30 हजार से अधिक वोटों की बढ़त दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने जेडीएस पार्टी को बीजेपी की 'बी' टीम कहा था। तब देवगौड़ा ने इसका विरोध किया था। अब वही देवेगौड़ा मोदी के साथ जाकर मिल गये हैं। उन्होंने कहा कि देवेगौड़ा ने राहुल गांधी की बातों को साबित कर दिखाया है। कर्नाटक और हासन की ओर से प्रज्वल रेवन्ना ने संसद में अपनी कोई प्रतिक्रिया नहीं की। उन्होंने राज्य के साथ हो रहे अन्याय पर संसद में कोई चिंता जाहिर नहीं की। इसलिए इस बार प्रज्वल को हराकर राज्य की ओर से आवाज उठाने की क्षमता रखने वाले रेवन्ना को जिताने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य का कर हिस्सा नहीं चुकाया। सूखा आने के बाद भी हमारा हिस्सा नहीं दिया गया। उन्होंने एक मजाकिया अंदाज में पूछा कि ऐसे में नरेंद्र मोदी और बीजेपी किस मुंह से राज्य की जनता से वोट मांग रहे हैं।। हासन में बदलाव होना चाहिए। इस बार उन्होंने कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को जिताने का आह्वान किया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आई तो पूरे देश के किसानों का कर्ज माफ कर दिया जाएगा। मोदी ने केवल बहुत अमीरों का कर्ज माफ किया। लेकिन कांग्रेस किसानों का पूरा कर्ज माफ करेगी। प्रधानमंत्री रहते हुए मनमोहन सिंह ने किसानों का 76 हजार करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया था।

उन्होंने कहा, इस बार फिर ऐसा होगा। साथ ही कांग्रेस ने महिलाओं के खाते में प्रति वर्ष 1 लाख रुपये डालने समेत 25 गारंटी की घोषणा की है. उन्होंने स्पष्ट किया कि हम ये सब लागू करेंगे। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, जिला प्रभारी मंत्री केएन राजन्ना, विधायक शिवलिंगे गौड़ा, राज्यसभा सदस्य जीसी चंद्रशेखर सहित स्थानीय नेता उपस्थित थे।

